# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
## अभ्यास प्रश्न पत्र
## सत्रः 2025–26
## कक्षा 10
## सामाजिक विज्ञान

समय 3 घण्टा                                                                 अधिकतम अंकः 80

**सामान्य निर्देश:**

1. प्रश्न पत्र में कुल 38 प्रश्न है, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित हैं: खंड क- इतिहास, खंड ख- भूगोल, खंड ग- राजनीतिक विज्ञान और खंड घ- अर्थशास्त्र।
3. प्रत्येक खंड 20 अंकों का है और इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न, अति लघु उत्तरीय प्रश्न, लघु उत्तरीय प्रश्न, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न और केस आधारित प्रश्न शामिल हैं।
4. अति लघुउत्तरीय प्रश्न प्रत्येक दो अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. लघु उत्तरीय प्रश्न प्रत्येक तीन अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न प्रत्येक पांच अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
7. केस आधारित प्रश्न में तीन उप प्रश्न हैं और ये प्रत्येक चार अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. मानचित्र आधारित प्रश्न पांच अंक के हैं, जिसमें दो भाग हैं- खंड कः इतिहास (दो अंक) और खंड खः भूगोल (तीन अंक)।
9. प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर देना अनिवार्य है।
10. इसके अतिरिक्त यह नोट करें कि दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए ऐसे प्रश्नों के स्थान पर पृथक प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें दृश्य संकेत या मानचित्र आधारित जानकारी होती है। ऐसे प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा ही हल किए जाने हैं।

| | | |
|---|---|---|
| | खण्ड क<br>इतिहास | 20 |
| 1. | निम्नलिखित में से किसने कहा था- "मुद्रण ईश्वर की महानतम देन है, सबसे बड़ा तोहफा"?<br>A. मार्टिन लूथर किंग<br>B. योहान गुटनबर्ग<br>C. जेम्स हिक्की<br>D. लुई सेबेस्तिएँ मार्सिए | 1 |
| 2. | गलत कथन की पहचान कीजिए।<br>A. महात्मा गांधी ने चौरी चौरा की घटना के बाद सविनय अवज्ञा आंदोलन को वापस ले लिया।<br>B. महात्मा गांधी ने चंपारण में नील किसानों के आंदोलन का नेतृत्व किया।<br>C. महात्मा गांधी ने द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया।<br>D. नटेसा शास्त्री ने 'द फोकलोर्स ऑफ सदर्न इंडिया' के नाम से तमिल लोक कथाओं का संकलन प्रकाशित किया। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>ला पैट्री के विचार ................ से संबंधित है।<br>**विकल्प**<br>A. राजतंत्र<br>B. मातृभूमि<br>C. पितृभूमि<br>D. नागरिक | 1 |
| 4. | 1815 में नेपोलियन की हार के बाद यूरोपीय सरकारें निम्नलिखित में से किस भावना से प्रेरित थी?<br>A. समाजवाद<br>B. रूढ़िवाद<br>C. उदारवाद<br>D. रूमानीवाद | 1 |
| 5. | सांस्कृतिक आदान - प्रदान में रेशम मार्ग की भूमिका विश्लेषण कीजिए। | **2** |
| 6. | ''ब्रिटेन में राष्ट्र - राज्य का निर्माण एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम था।'' कथन की समीक्षा कीजिए। | **3** |
| 7. | A. भारतीय महिलाओं को मुद्रण संस्कृति ने किस प्रकार प्रभावित किया?<br>अथवा<br>B. मुद्रण क्रांति के प्रभावों की व्याख्या कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| 8. | अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br><br>"लेकिन जीते हुए इलाकों में स्थानीय लोगों की फ्रांसीसी शासन के प्रति मिली–जुली प्रतिक्रियाएँ थीं। शुरुआत में अनेक स्थानों जैसे हॉलेण्ड और स्विट्ज़रलैण्ड और साथ ही कई शहरों जैसे–ब्रसेल्स, मेंज़, मिलान और वार्सा में फ्रांसीसी सेनाओं का स्वतंत्रता का तोहफ़ा देने वालों की तरह स्वागत किया गया। मगर यह शुरुआती उत्साह शीघ्र ही दुश्मनी में बदल गया जब यह साफ़ होने लगा कि नई प्रशासनिक व्यवस्थाएँ राजनैतिक स्वतंत्रता के अनुरूप नहीं थीं। बढ़े हुए कर, सेंसरशिप और बाक़ी यूरोप को जीतने के लिए फ्रेंच सेना में जबरन भर्ती से हो रहे नुकसान प्रशासनिक परिवर्तनों से मिले फ़ायदों से कहीं ज़्यादा नज़र आने लगे।"<br><br>प्रश्न<br>(8.1) हॉलैंड, स्विट्ज़रलैंड, ब्रुसेल्स और मिलान जैसे स्थानों पर फ्रांसीसी सेनाओं का आरंभ में स्वागत क्यों किया गया?<br>(8.2) स्थानीय जनता फ्रांसीसी शासन के विरुद्ध क्यों हो गई?<br>(8.3) व्याख्या कीजिए कि विजित क्षेत्रों में फ्रांसीसी शासन के प्रति आरंभिक उत्साह शत्रुता में क्यों बदल गया? | 4<br><br>1<br>1<br>2 |
| 9. | **मानचित्र आधारित प्रश्न**<br>भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो स्थानों को A और B से अंकित किया गया है। इन स्थानों को नीचे दी गई जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए:<br>A. उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।<br>B. उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ जलियावाला बाग हत्याकांड हुआ। | 2x1=2 |

| | | |
|---|---|---|
| | **नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर हैं।**<br>9.1 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।<br>9.2 उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ जलियावाला बाग हत्याकांड हुआ। | 1<br>1 |
| | **खण्ड ख**<br>**भूगोल** | 20 |
| 10. | चिपको आंदोलन का उद्देश्य क्या था?<br>A. मानव अधिकार<br>B. कृषि विस्तार<br>C. राजनीतिक अधिकार<br>D. वन संरक्षण | **1** |
| 11. | गलत मिलान की पहचान कीजिए।<br>A. लाल मृदा - सेब की कृषि<br>B. जलोढ़ मृदा - गन्ने की कृषि<br>C. लेटराइट मृदा - काजू की कृषि<br>D. काली मृदा - कपास की कृषि | **1** |
| 12. | निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य में सीढ़ीदार कृषि की जाती है?<br>A. पंजाब<br>B. मध्य प्रदेश<br>C. राजस्थान<br>D. उत्तराखण्ड | **1** |
| 13. | निम्नलिखित में से कौन -सा कथन खादर मृदा का सही वर्णन नहीं करता है?<br>A. यह नई जलोढ़ मिट्टी है।<br>B. इसमें महीन कण कम होते है।<br>C. इसमें कंकड पिंड की मात्रा कम होती है।<br>D. यह अधिक उपजाऊ है। | **1** |
| 14. | प्राचीन भारत की जल संरक्षण की किन्हीं दो विधियों का उल्लेख कीजिए। | **2** |
| 15. | भारत में पटसन उद्योग के हुगली नदी के तट पर स्थित होने के प्रमुख कारणों का विश्लेषण कीजिए। | **3** |
| 16. | A. चावल की फसल के लिए आवश्यक भौगोलिक एवं जलवायवी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>B. गेहूँ की फसल के लिए आवश्यक भौगोलिक एवं जलवायवी विशेषताओं का वर्णन कीजिए। | **3**<br><br>**3** |
| 17. | A. खनिजों के संरक्षण हेतू कोई पांच सूत्रीय वैकल्पिक कार्ययोजना प्रस्तावित कीजिए।<br>अथवा<br>B. श्रीमति नीरज भारत में लौह खनिज के वितरण की प्रमुख पेटियों का अध्ययन करना चाहती है। उनकी सहायता के लिए संक्षिप्त नोट तैयार कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| 18. | **मानचित्र आधारित प्रश्न 3 अंक**<br>भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिन्हों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिएः<br>i. नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन<br>ii. मुंबई सूती वस्त्र केन्द्र<br>iii. नागार्जुन सागर बांध<br>iv. नरौरा आण्विक ऊर्जा केंद्र | **3x1=3** |

| | | |
|---|---|---|
| | **नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर हैं। किन्हीं तीन प्रश्नो के उत्तर दीजिए।**<br>18.1 उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है।<br>18.2 उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ मुंबई सूती वस्त्र केन्द्र स्थित है।<br>18.3 उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ नागार्जुन सागर बांध स्थित है।<br>18.4 उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ नरौरा आण्विक ऊर्जा केंद्र स्थित है। | <br><br><br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1** |
| | खण्ड ग<br>राजनीति – विज्ञान | **20** |
| 19. | सही मिलान की पहचान कीजिए ।<br>A. राष्ट्रीय दल – भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस<br>B. राष्ट्रीय दल – राष्ट्रीय जनता दल<br>C. राष्ट्रीय दल – जनता दल यूनाइटेड<br>D. राष्ट्रीय दल – राष्ट्रीय लोकदल | **1** |
| 20. | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो कथन दिए गए हैं एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R) कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A):** भारत में महिलाओं में साक्षरता की दर पुरूषों की अपेक्षा अभी भी कम है।<br>**कारण (R):** भारतीय समाज अभी भी पितृ-प्रधान है।<br>**विकल्प:**<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | **1** |
| 21. | भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित में से किन भाषाओं का वर्णन किया गया है? उचित विकल्प का चयन कीजिए।<br>1. तमिल<br>2. हिन्दी<br>3. जर्मन<br>4. पंजाबी<br>**विकल्प**<br>A. केवल 1 व 3<br>B. केवल 2 व 4<br>C. केवल 1,2 व 3<br>D. केवल 1,2 व 4 | **1** |
| 22. | बेल्जियम में सामुदायिक सरकार का चयन कौन करता है?<br>A. केवल एक भाषा से संबंधित लोग<br>B. बेल्जियम के राष्ट्रपति<br>C. संपूर्ण देश के नागरिक<br>D. बेल्जियम के सामुदायिक नेता | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | नीचे दो कथन, कथन I और कथन II के रूप में दिए गए हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**कथन I:** संघ सूची में वर्णित विषयों पर कानून बनाने का अधिकार केवल केन्द्र सरकार को है।<br>**कथन II:** समवर्ती सूची में वर्णित विषयों पर कानून बनाने का अधिकार केवल राज्य सरकार को है।<br>**विकल्प**<br>A. कथन I और कथन II दोनों सही हैं।<br>B. कथन I सही है और कथन II गलत है।<br>C. कथन I गलत है और कथन II सही है।<br>D. कथन I और कथन II दोनों गलत हैं। | **1** |
| 24. | निम्नलिखित में से कौन - सा राजनीतिक दल का घटक नहीं है?<br>A. चुनाव आयुक्त<br>B. समर्थक<br>C. सक्रिय सदस्य<br>D. नेता | **1** |
| 25. | A. लोकतंत्र व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता को किस प्रकार बढ़ावा देता हैं?<br>अथवा<br>B. लोकतंत्र सामाजिक विविधता को किस प्रकार समायोजित करता हैं? | **2**<br><br>**2** |
| 26. | सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है? | **3** |
| 27. | **A.** ''भारत में क्षेत्रीय दलों के उभार ने संघवाद एवं लोकतंत्र को मजबूत किया है।'' कथन की समीक्षा कीजिए।<br>अथवा<br>B. आप के अनुसार भारत के लोकतंत्र के लिए किस प्रकार की दलीय व्यवस्था सर्वाधिक उपयुक्त है? अपने उत्तर के समर्थन में उचित तर्क दीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| 28. | अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br><br>एक व्यापक धरातल पर लोकतांत्रिक सरकारों से यह उम्मीद करना उचित ही है कि वे लोगों की ज़रूरतों और माँगों का ध्यान रखने वाली हों और कुल मिलाकर भ्रष्टाचार से मुक्त शासन दें। इन दो मामलों में भी लोकतांत्रिक सरकारों का रिकॉर्ड प्रभावशाली नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ अक्सर लोगों को उनकी ज़रूरतों के लिए तरसाती हैं और आबादी के एक बड़े हिस्से की माँगों की उपेक्षा करती हैं। भ्रष्टाचार के आम किस्से इस बात की गवाही देते हैं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था इस बुराई से मुक्त नहीं है। पर इसके साथ इस पर भी ध्यान दें कि गैर-लोकतांत्रिक सरकारें कम भ्रष्ट हैं या लोगों की ज़रूरतों के प्रति संवेदनशील हैं - यह कहने का कोई आधार नहीं है।<br>प्रश्न<br>(28.1) लोकतांत्रिक सरकारों से लोगों की मुख्य उम्मीद क्या है?<br>(28.2) "लोकतांत्रिक व्यवस्था बुराई से मुक्त नहीं है।" कथन का आशय स्पश्य कीजिए।<br>(28.3) लोकतांत्रिक और गैर-लोकतांत्रिक सरकारों की तुलना कीजिए। | 4<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1<br>1<br>2 |

| | खण्ड घ<br>अर्थशास्त्र | 20 |
|---|---|---|
| 29. | नीचे दी गई सारणी में भारत और उसके पड़ोसी देशों के संबंध में कुछ आंकड़े दिए गए हैं। सारणी को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। | **1** |

| **देश** | **सकल राष्ट्रीय आय (.आ.रा.स) प्रति व्यक्ति अमेरिकी डॉलर (2017 क्रय शक्ति क्षमता)** | **जन्म के समय संभावित आयु** |
|---|---|---|
| श्रीलंका | 12707 | 75.5 |
| भारत | 6681 | 68.8 |
| म्यांमार | 4961 | 66.7 |
| पाकिस्तान | 5005 | 66.6 |
| नेपाल | 3457 | 70.6 |
| बांग्लादेश | 4976 | 72.8 |

स्रोत : मानव विकास रिपोर्ट 2020, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रमः न्यूयार्क

सकल राष्ट्रीय आय के आधार पर कौन -सा देश सबसे आगे है?

A. भारत
B. पाकिस्तान
C. श्रीलंका
D. बांग्लादेश

30. गलत मिलान की पहचान कीजिए। **1**

A. तृतीयक क्षेत्रक - भंडारण
B. तृतीयक क्षेत्रक - बैंकिंग
C. तृतीयक क्षेत्रक - परिवहन
D. तृतीयक क्षेत्रक – कृषि

31. नीचे दिए गए प्रश्न में, दो कथन दिए गए हैं एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R) कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

**अभिकथन (A):** सरकार विदेशी व्यापार को बढ़ाने और घटाने के लिए व्यापार बाधाओं का उपयोग करती हैं ।

**कारण (R):** 1991 में भारत सरकार ने उदारीकरण की प्रक्रिया को अपनाया।


**विकल्प:**

A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।
B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।
C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।
D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

32. केरल में शिशु मृत्यु दर कम क्यों है? **1**

A. इस राज्य में बुनियादी अवसंरचना का अभाव है।
B. इसमें बुनियादी स्वास्थ्य और शैक्षिक सुविधाओं का पर्याप्त प्रावधान है।
C. इस राज्य में शुद्ध उपस्थिति अनुपात खराब है।
D. इसकी जलवायु अनूकूल है।

| | | |
|---|---|---|
| 33. | सुनील एक अधिवक्ता के रूप में कार्यरत है। बताइए वह अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक में कार्यरत है?<br>A. प्राथमिक क्षेत्रक<br>B. द्वितीयक क्षेत्रक<br>C. तृतीयक क्षेत्रक<br>D. औद्योगिक क्षेत्रक | **1** |
| 34. | विषम की पहचान कीजिए-<br>A. पशु धन<br>B. अनाज<br>C. सोने के सिक्के<br>D. कागज़ के करेंसी नोट | **1** |
| 35. | भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यों की समीक्षा कीजिए। | **2** |
| 36. | विकास के लक्ष्य विभिन्न लोगों के विभिन्न और कई बार विराधाभासी भी होते है।'' कथन का विश्लेषण कीजिए। | **3** |
| 37. | A. बेरोजगारी को दूर करने हेतू कुछ उपाय सुझाइए।<br>अथवा<br>B. तृतीयक क्षेत्रक की गतिविधियों की समीक्षा कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| 38. | दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं प्रश्नों के उत्तर दीजिए-<br>बैंकों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते ऋण का एक अन्य स्रोत सहकारी समितियाँ हैं। सहकारी समिति के सदस्य अपने संसाधनों को कुछ क्षेत्रों में सहयोग के लिए एकत्र करते हैं। कई प्रकार की सहकारी समितियाँ संभव हैं, जैसे-किसानों, बुनकरों एवं औद्योगिक मज़दूरों इत्यादि की सहकारी समितियाँ। कृषक सहकारी समिति सोनपुर के नज़दीक एक गाँव में काम करती है। इसके 2300 किसान सदस्य हैं। यह अपने सदस्यों से जमा प्राप्त करती है। इस जमा पूँजी को ऋणाधार मानते हुए, इस सहकारी समिति ने बैंक से बड़ा ऋण प्राप्त किया है। इस पूँजी का इस्तेमाल सदस्यों को कर्ज़ देने के लिए किया जाता है। यह ऋण लौटाने के बाद कर्ज़ का दूसरा दौर शुरू किया जा सकता है। कृषक सहकारी समिति कृषि उपकरण खरीदने, खेती तथा कृषि व्यापार करने, मछली पकड़ने, घर बनाने और अन्य विभिन्न प्रकार के खर्चों के लिए ऋण मुहैया कराती है।<br>**प्रश्न**<br>(38.1) ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते ऋण का प्रमुख स्रोत बैंकों के अलावा क्या है?<br>(38.2) कृषक सहकारी समिति ने बैंक से ऋण किस प्रकार प्राप्त किया?<br>(38.3) कृषक सहकारी समिति किस प्रकार कार्य करती है? इसके द्वारा दिए जाने वाले ऋणों के प्रकार बताइए। | 4<br><br>1<br>1<br>2 |



भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°
36°
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8°
B
A
Tropic of cancer
Scale
1cm=175 Kms (approx)